# 2022

# HINDI

*Total marks : 80* *Time : 3 hours*

***General Instructions:***

*i) Approximately 15 minutes is allotted to read the question paper and revise the answers.*
*ii) The question paper consists of 26 main questions. All questions are compulsory .*
*iii) Marks are indicated against each question.*
*iv) General choice has been provided in some questions.*
***N.B: Check that all pages of the question paper is complete as indicated on the top left side.***

## खण्ड - क ( अपठित बोध)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पुछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-**

विनम्रता के बिना स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं है। इस बात को सब लोग मानते हैं कि आत्म संस्कार के लिए थोड़ी बहुत मानसिक स्वतंत्रता परमावश्यक है चाहे उस स्वतंत्रता में अभिमान और नम्रता दोनों का मेल हो और चाहे वह नम्रता से ही उत्पन्न हो। यह बात तो निश्चित है कि जो मनुष्य मर्यादा पूर्वक जीवन व्यतीत करना चाहता है, उसके लिए वह गुण अनिवार्य है, जिससे आत्म निर्भरता आती है और अपने पैरों के बल खड़ा होना आता है।

युवा को यह सदा स्मरण रहना चाहिए कि वह बहुत कम बातें जानता है, अपने ही आदर्श से वह बहुत नीचे और उसकी आकाक्षाँए उसकी योग्यता से कहीं बढ़ी हुई है। उसे इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वह अपने बड़ों का सम्मान करे, छोटे और बराबर वालों से कोमलता का व्यवहार करे, ये बातें आत्म मर्यादा के लिए आवश्यक है। यह सारा संसार जो कुछ हम है और जो कुछ हमारा है - हमारा शरीर, हमारी आत्मा, हमारे भोग, हमारे घर और बाहर की दशा, हमारे बहुत से अवगुण और थोड़े गुण सब इसी बात की आवश्यकता प्रकट करते हैं कि हमें अपनी आत्मा को नम्र रखना चाहिए।

नम्रता से अभिप्राय दब्बूपन से नही है, जिसके कारण मनुष्य दुसरों का मुँह ताकता है, जिससे उसका संकल्प क्षीण और उसकी प्रज्ञा मंद हो जाती है, जिसके कारण वह आगे बढ़ने के समय भी पीछे रहता है और अवसर पड़ने पर चट-पट किसी बात का निर्णय नही कर सकता। मनुष्य का बेड़ा उसके अपने ही हाथों में है, उसे वह चाहे जिधर ले जाए। सच्ची आत्मा वही है जो प्रत्येक दशा में, प्रत्येक स्थिति के बीच अपनी राह आप निकालती है।

(क) किसके बिना स्वतंत्रता का कोई अर्थ नही हैं ? **1**
(ख) मनुष्य किस प्रकार का जीवन व्यतीत करना चाहता है ? **1**
(ग) युवा को सदा क्या स्मरण रहना चाहिए ? **1**
(घ) आत्म मर्यादा के लिए क्या आवश्यक है ? **1**
(ड़) हमें अपनी आत्मा को कैसा रखना चाहिए ? **1**
(च) मनुष्य दुसरों का मुँह क्यों ताकता है ? **1**
(छ) मनुष्य का बेड़ा किसके हाथों मे होता है ? **1**
(ज) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए ? **1**
(झ) परमावश्यक शब्द का संधि विच्छेद कीजिए ? **1**
(ञ) नम्रता शब्द का विलोम शब्द लिखिए ? **1**

**खण्ड - ख (संरचना)**

2. **किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 से 150 शब्दों में लिखिए:-**

क. 'प्रदूषण' विषय पर एक बस्तुनिष्ठ निबंध लिखिए ।

**अथवा** 6

ख. आप दो मित्र मोहन और सोहन है। अभी-अभी गणित की परीक्षा देकर परीक्षा भवन से बाहर निकले हैं। इस परीक्षा के संबंध में हुई बातचीत को आधार बनाकर एक संबाद लिखिए ।

3. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए:

क. दिए गए मुद्रित प्रति का व्याकरण एवं संरचना संबंधी त्रुटियों को संशोधित करते हुए संपादन कीजिए।

किसी नगर में एक रहता व्यापारी था। उसकी एक हि पुत्र था । अधिक लाड़-व्यार से कारण वह गया था बिगड़। वह बहुत ही खर्चिला हो गई थी । पिता के पैसे वह घी की तरह बहाता था। इसके पिता यह सब देखकर बहुत चिंतित हो गए।

**अथवा** 4

ख. आप होली क्रॉस हॉयर सेकेण्डरी स्कूल, डीमापुर के सचिव है। आप किसी खिलाड़ी को अपने विद्यालय में होने वाले खेल सप्ताह में मुख्य अतिथि बनने के लिए लगभग 60 शब्दों में एक निमंत्रण पत्र लिखिए।

**खण्ड - ग ( व्याकरण एवं अनुवाद)**

4. **दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:-** 2x1=2

आकाश, हवा

5. **दिए गए शब्दों का संधिविच्छेद कीजिए-** 2x1=2

पुस्तकालय, भवन

6. **दिए गए सामासिक पदों का विग्रह कीजिए:-** 2x1=2

राजपुत्र, भाई-बहन

7. **दिए गए मुहावरों का अर्थ वाक्य प्रयोग द्वारा स्पष्ट कीजिए:-** 2x1=2

फूला न समाना, मोहित होना

8. **श्रृंगार रस किसे कहते हैं ? एक उदाहरण लिखिए ।** 2

9. **उत्प्रेक्षा अलंकार किसे कहते है ?** 1

10. **दोहे में कौन कौन से चरण समान होते है ?** 1

11. **हिंदी अनुवाद कीजिए:** 3

Food is essential for all living beings. Without food man cannot live long. Every man has to eat a certain quantity of food. If he eats less than that quantity his health will fail and he will fall ill. So everyman has to eat enough food to live

## खण्ड-घ (साहित्य)

### गद्यः भाग

12. पूस का महीना किस तरह का महीना होता है ? 1

13. तनु की किस गलती पर माँ को क्रोध आया? 2

14. लेखक के अनुसार आज हमारे देश की महत्वपूर्ण समस्या क्या है? 2

15. लोग जब बड़े पत्थर को लेकर चलने लगे तो तेज आँधियाँ क्यों चलने लगी? 3

16. दोनों खेत की दशा देख रहे थे । मुन्नी के मुख पर उदासी छाई थी, पर हल्कू प्रसन्न था । इस स्थिति की समीक्षा करते हुए बताइए कि मुन्नी और हल्कू की इस प्रकार की स्थिति क्यों थी ? 3

17. **निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिएः**
प्रस्तुत कथन किसने, किससे तथा क्यों कहे हैं ?

क. माफ कीजिए, लेडीज सब चली गई है, सिर्फ जेंटलमैन बाकी है।

**अथवा** 1+1+2=4

ख. मैं तुम्हारी तरह ही एक तारा बनना चाहती हुँ, जिससे चिरकाल तक मैं आकाश में चमकती रहुँ और लोगों को रात्रि में थोड़ा सा प्रकाश दे सकूँ ।

18. नीचे दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए:

क. बाजार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है, जो जानता है कि वह क्या चाहता है, और जो नही जानते हैं कि वे क्या चाहते है, अपनी पर्चेजिंग पावर के गर्व में अपने पैसे से केवल एक विनाशक शक्ति शैतानी शक्ति व्यंग्य शक्ति ही बाजार को देता है। न तो बाजार से लाभ उठा सकते है, न बाजार को सच्चा लाभ दे सकते है। वे लोग बाजार का बाजारुपन बढाते है। जिसका मतलब है कि कपट बढाते है। कपट की बढती का अर्थ परस्पर में सद्भाव की कमी। इस सद्भाब के ह्नस पर आदमी आपस में भाई-भाई और सुहृद और पड़ोसी फिर रह ही नही जाते है और आपस में कोरे ग्राहक और बेचक की तरह व्यवहार करते है।

(i) बाजार को असली सार्थकता कौन देता है? 1

(ii) मनुष्य पर्चेजिंग पावर के गर्व में बाजार को क्या देता है ? 1

(iii) बाजार का बाजारुपन कौन बढाता है ? 1

(iv) कपट बढने से क्या होता है ? 1

(v) सद्भाव के ह्रास होने पर मनुष्यों के बीच क्या असर पड़ता है? 1

ख. आज की तथाकथित आधुनिक पीढ़ी न तो पूरी तरह अपने परम्परागत मूल्यों से मुक्त हो पाई है और न ही नए मूल्यों को पूरी तरह अपना पाई है। इस कथन की समीक्षा कीजिए । 5

ग. इन्द्र सेना सबसे पहले गंगा मैया की जय बोलती है। भारतीय समाज में नदियों का क्या महत्व है ? इसका वर्णन करे। 5

### पद्य भाग

19. हंस की क्या विशेषता होती है ? 1

20. कवि ने "तुम बरस लो वे न बरसे" काव्यांश के माध्यम से क्या कहना चाहते है ? 2

21. कवि ने स्वंय के दिल की तुलना झरना या सोता से क्यो की है? 3

22.क. पाँचवा मैं हूँ अभागा जिसे सोने पर सुहागा

(i) यह पंक्ति किस पाठ से ली गई है ?

(ii) इस पाठ के रचनाकार कौन है?

(iii) इस पंक्ति का भाव स्पस्ट कीजिए ।

**अथवा** **1+1+2=4**

ख. पृथ्वी घूमती हुई आती है उनके बेचैन पैरों के पास

(i) यह पंक्ति किस पाठ से ली गई है ?

(ii) इस पाठ के रचनाकार कौन है?

(iii) इस पंक्ति का भाव स्पस्ट कीजिए ।

23. **किसी एक पद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए:** 1X5=5

क. दुनिया का सबसे पहला कागज उड़ सके
बाँस की सबसे पतली कमानी उड़ सके
कि शुरू हो सके सीटियों किलकारियोंऔर
तितलियों की इतनी नाजुक दुनिया

ख. जिंदगी में जो कुछ है, जो भी है
सहर्ष स्वीकारा है
इसलिए कि जो कुछ भी मेरा है
वह तुम्हे प्यारा है ।

ग. परहित निरत निरंतर मन-क्रम-वचन नेम निबहौंगो।
परूष वचन अति दुसह स्रवन सुनि, तेहि पावक न दहौंगो ।
बिगत मान सम सीतल मन, पर गुन नहिं दोस कहौंगो।

**कथा साहित्य**

24. डॉ. सिन्हा ने अपने छोटे भाई की शादी कृष्णा से क्यों कराई ? 2

25. मुंशी तोताराम निर्मला का प्यार पाने के लिए क्या-क्या युक्ति करते है? 3

26. क. निर्मला उपन्यास अनमेल विवाह और दहेज प्रथा का दुखान्त और मार्मिक कहानी है। इस कथन की समीक्षा कीजिए। 5

**अथवा**

ख. कृष्णा के विवाह के बाद सुधा चली गई, लेकिन निर्मला मैके में ही रह गई। वकील साहब बार बार लिखते थे, पर वह न जाती थी। वहाँ जाने की उसका जी न चाहता था। वहाँ कोई ऐसी चीज न थी, जो उसे खींच ले जाए। यहाँ माता की सेवा और छोटे भाई की देखभाल में उसका समय बड़े आनन्द से कट जाता था । वकील साहब खुद आते तो शायद वह जाने पर राजी हो जाती, लेकिन इस विवाह में मुहल्ले की लड़कियाँ

ने उनकी वह दुर्गत की थी कि वे बेचारे आने का नाम ही न लेते थे। सुधा ने भी कई बार पत्र लिखा, पर निर्मला ने उसे भी हीले-हवाले किया। आखिर एक दिन सुधा ने नौकर को साथ लिया और स्वंय आ धमकी।

(i) कृष्णा के विवाह के बाद निर्मला कहाँ रह गई ? (1)

(ii) निर्मला अपने ससुराल क्यों नहीं जाना चाहती थी ? (1)

(iii) निर्मला किस प्रकार अपना समय मैके में बीता रही थी ? (1)

(iv) वकील साहब निर्मला को लेने स्वंय क्यों नहीं आते थे ? (1)

(v) सुधा नौकर को साथ लेकर कहाँ आई ? (1)

**********